मन राधे बोल रे श्री राधे राधे बोल रे

मीठे मीठे प्यारे प्यारे बोल हैं अनमोल रे
मन राधे बोल रे श्री राधे राधे बोल रे
लाड़ली राधे ज्यूँ को अपने सुख दुःख सारे सौंप दे
मिल जाएंगे राधे मोहन हृदय के पट खोल रे
श्री राधे राधे बोल रे

राधे नाम की अपने मन पे मोहर लगाले तू
बढ़ जायेगा तेरा दुनिया में बेहद मोल रे
श्री राधे राधे बोल रे

वृषभानु की राजदुलारी के होते चिंता कैसी
ध्यान लगाकर उसका यूँ मत हो डामाडोल रे
श्री राधे राधे बोल रे

मेहर करे जब आप किशोरी श्यामा प्यारी राधिका
क्यों ना फिर बजवाऊं खुशियों के सुहाने ढोल रे
श्री राधे राधे बोल रे

राधे राधे जाप किया कर तन से मन से बावरे
आप खींचे आएंगे फिर सांवरिया बेमोल रे
श्री राधे राधे बोल रे

पल भर में बन जाती किस्मत है तेरे ही दास की
दर पे तेरे आई बेटी देखो सतीश राज की
श्री राधे राधे बोल रे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14629/title/mn-radhe-bol-re-shri-radhe-radhe-bol-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |